In the NEWS

RELIANCE
Life Insurance

Publication: **Nav bharat Times** | Region: **Pune** | Date: **23/05/2014** | Page No.: **13**

रिलायंस लाइफ की नई प्रीमियम आय 40% बढ़ी

■ **मुंबई:** रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने गुरुवार को कहा कि मार्च 2014 में समाप्त कारोबारी साल में उसकी नई कारोबारी प्रीमियम आय 40 फीसदी बढ़कर 1,934 करोड़ रुपये दर्ज की गई। कंपनी की नई कारोबारी प्रीमियम आय कारोबारी वर्ष 2012-13 में 1,377 करोड़ रुपये थी। इरडा के आंकड़ों के मुताबिक समस्त जीवन बीमा उद्योग के लिए नए कारोबार से संबंधित प्रीमियम आय साल-दर-साल आधार पर सिर्फ 11.6 फीसदी बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये रही। रिलायंस लाइफ की कुल प्रीमियम आय (नए कारोबार से संबंधित प्रीमियम आय और नवीकरणीय प्रीमियम आय) इस दौरान छह फीसदी बढ़कर 4,283 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले 4,045 करोड़ रुपये थी।